तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026

12 थाना परिसर में मनाई गई हनुमान जयंती

11 मानसगान और सीसी रोड लोकार्पण में शामिल ....




## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ का मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 अप्रैल सोमवार को 12 बजे से रखी गई है। अध्यक्ष पेंशन धारी कल्याण संघ डॉ.आरएम. चावड़ा ने बताया बैठक में प्रांत स्तर से प्राप्त जानकारी दी जाएगी।

### ग्रामीण युवक ने पटेल को पीटा, अपराध दर्ज

**बालोद।** परेशान करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने ग्राम पटेल की पिटाई कर दी। इसके बाद पीड़ित पटेल ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पटेल के पद पर पदस्थ ग्राम कोडेवा निवासी मनक लाल साहू ने पुलिस को बताया शाम को मैं अपने गॉव के कलामंच के पास था, उसी दौरान गांव का बिसेलाल यादव वहीं पर खड़ा था और गांव वालों को गालिया दे रहा था, तभी मुझे देखकर बोलने लगा तुम गांव के पटेल हो और गांव के लिए क्या किये हो, मुझे तुम लोग बहुत परेशान करते हो बोलकर मुझे गाली गलौज करने लगा। मैं उसे गाली गलौज करने से मना किया, तो उसने कलार पकड़कर धमकी दी और हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट करने से सीना और पैर में चोट पहुंची है।

### शराब भट्ठी से बाइक पार, अपराध दर्ज

**बालोद।** शराब भट्ठी के बाहर खड़े किए गए मोटर साइकिल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। इसके बाद मोटर साइकिल मालिक ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कुसुमटोला कमलेश कुमार चुरेन्द्र पिता देवराम चुरेन्द्र 30 साल ने पुलिस को बताया कि मैं अपने घर कुसुमटोला से शाम 7 बजे अपने मोटर साइकिल सीजी 24 पी 3723 से अपने दोस्त लोमेश के साथ डौण्डी शराब भट्ठी गया था, शराब भट्ठी के बाहर रोड में अपनी मोटर साइकिल को खड़ा कर शराब लेने अपने दोस्त के साथ लाईन में लगा था। शराब खरीदकर 10 से 15 मिनट बाद अपने मोटर साइकिल के पास गया तो मेरी बाइक वहां नहीं थी। मेरे द्वारा आस पास तलाश की गई, लेकिन पता नहीं चलने पर कोई अनजान व्यक्ति धोखा से लेकर चला गया होगा सोचकर पता तलाश कर रहा था। मोटर साइकिल का पता नहीं चला। तब मुझे लगा कि कोई अज्ञात चोर द्वारा मेरे मोटर साइकिल सीजी 24 पी 3723 को चोरी कर ले गया है।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**बालोद/कलंगपुर।** रनचिराई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में शुक्रवार को एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है, जहां ग्राम बरबसपुर निवासी पोषण लाल सेन 48 वर्ष ने अपने गांव के सुपा तालाब पार में स्थित बरगद पेड़ पर अपने गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दिन मृतक युवक के परिजन रिश्तेदार के यहां छट्ठी कार्यक्रम में दूसरे गांव गए हुए थे। घटना की जानकारी परिजनों व ग्रामीणों को शुक्रवार की सुबह हुई जब गांव के कुछ लोग सुबह शौच के लिए तालाब तरफ गए, तब युवक को फांसी पर लटकते देखा गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी रनचिराई पुलिस को दी। पुलिस मौके स्थल पर पहुंच कर पंचनामा तैयार कर युवक को फंदे से नीचे उतारा और छानबीन करने पर पुलिस को मृतक युवक के जेब मे एक सुसाइड पर्ची मिली, जिसमें लिखा था कि वह आत्महत्या अपने मर्जी से स्वास्थ्य खराबी से परेशान होकर यह कदम उठा रहा हूं। जानकारी के ▶▶| शेष पेज 11 पर

# हनुमान जयंती पर देवगहन और खैरबना में लोककला महोत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम देवगहन और ग्राम खैरबना में हनुमान जन्मोत्सव पर लोककला महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुईं। उन्होंने दोनों गांवों में बजरंग बली की पूजा–अर्चना कर क्षेत्र की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। हनुमान जन्मोत्सव के इस विशेष अवसर पर आयोजित लोककला महोत्सव ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति और भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। ग्राम देवगहन पहुंचने पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। ग्राम खैरबना में आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि हनुमानजी सेवा और शक्ति के प्रतीक हैं। आज के इस पावन दिन पर लोककला महोत्सव का आयोजन हमारी गौरवशाली परंपराओं को संजोने का एक बेहतरीन माध्यम है। ग्रामीण अंचलों में ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है और हमारी आने वाली पीढ़ी भी अपनी जड़ों और संस्कृति से रूबरू होती है। उन्होंने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन भी किया और ग्रामीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। आयोजन समिति ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने की सुख-समृद्धि की कामना




**ये रहे मौजूद :** ग्राम खैरबना के कार्यक्रम में सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष अर्जुन्दा जीतू विश्वास गुप्ता, जनपद सदस्य प्रतिनिधि पंकज चौधरी, ग्रामीण अध्यक्ष जीतू राम ठाकुर, बसंत ठाकुर, अध्यक्ष आयोजक समिति शंकर साहू, चंद्रकुमार यादव, मुरली प्रसाद यादव, खिलेंद्र यादव उद्घोषक उपसरपंच एवं पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी तथा ग्राम देवगहन के कार्यक्रम में सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष अर्जुन्दा जीतू विश्वास गुप्ता, जनपद सदस्य प्रतिनिधि पंकज चौधरी, प्राचार्य देवगहन ओपी साहू, सरपंच तुमेश्वर ठाकुर, अध्यक्ष आयोजक समिति डोमन लाल निर्मलकर, रमेश सिन्हा, विनोद सिन्हा, धनी राम यदु शामिल हुए।

## अपराध

**जोगीभाट में ग्रामीण समस्याओं पर रखी गई थी बैठक में विवाद**

# बैठक में विवाद के दौरान युवक की हत्या, 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

बालोद जिले के डौंडीलोहरा थाना समीप के ग्राम जोगीभाट में आपसी विवाद के दौरान एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी 19 वर्ष सोहन कुमार साहू, 30 वर्ष परमेश्वर देशमुख, 40 वर्ष बेदलाल साहू, 45 वर्ष टोमन लाल साहू, 43 वर्ष लोकनाथ यादव को गिरफ्तार किया है, जो ग्राम जोगीभाट के निवासी हैं। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू एवं डंडा भी बरामद कर लिया गया है।

प्रार्थी डोमेन्द्र कुमार देशमुख 35 वर्ष निवासी ग्राम जोगीभाट ने थाना डौण्डीलोहारा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 अप्रैल की रात लगभग 10 बजे ग्राम जोगीभाट स्थित शीतला मंदिर में गांव की समस्याओं के समाधान एवं मंदिर में ताला लगाने के विषय को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में गांव के कई लोग उपस्थित थे।




### बैठक में हुआ विवाद

बैठक के दौरान बातचीत के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा प्रार्थी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। घटना के दौरान आरोपी परमेश्वर देशमुख द्वारा डंडे से हमला किया।

### अन्य संदिग्धों की तलाश जारी



मामले में थाना डौण्डीलोहारा में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। जांच के दौरान मुख्य आरोपी सोहन लाल साहू से घटना में प्रयुक्त चाकू तथा आरोपी परमेश्वर देशमुख से डंडा बरामद किया गया। अन्य आरोपी बेदलाल साहू, टोमन लाल साहू एवं लोकनाथ यादव को भी गिरफ्तार कर 3 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मामले में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के संबंध में जांच जारी है।

### अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम



विवाद बढ़ने पर बीच-बचाव करने पहुंचे कुणाल देशमुख पर मुख्य आरोपी सोहन लाल साहू ने धारदार चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने कुणाल के सीने और पेट पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विदित हो कि जोगीभाट ग्राम पंचायत बटेरा का आश्रित ग्राम है, प्रार्थी डोमेन्द्र देशमख ग्राम पंचायत का उपसरपंच है, जो कि मृतक का चाचा है।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो बाइकों को मारी टक्कर, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के आमाडुला क्षेत्र में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दो अलग-अलग मोटरसाइकिलों को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक बेहोश हो गया, जबकि उसके साथ मौजूद दो अन्य किशोरों को भी गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रार्थी सतीश कुमार दर्रो (निवासी आमाडुला गोटीपारा) ने पुलिस को बताया कि घटना 29 मार्च की शाम करीब 7.10 बजे की है। स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 19 बी क्यू 5331 का चालक वाहन को अत्यंत तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। सबसे पहले स्कॉर्पियो ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल सीजी 04 सीवी 0670 को टक्कर मारी, जिस पर दो लोग सवार थे। इसके बाद अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने पीछे से आ रहे सतीश के भतीजे प्रकाश की बाइक सीजी 24 ई 4370 को भी जोरदार टक्कर मार दी। इस बाइक पर प्रकाश के साथ उसका भाई तरुण और भांजा दानिश भी सवार थे।

### चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रकाश की मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों सड़क किनारे जा गिरे। हादसे के बाद प्रकाश बेहोश हो गया, जबकि तरुण के दाहिने पैर में गंभीर चोट आई और दानिश को भी अंदरूनी चोटें लगी हैं। घायल प्रकाश, तरुण और दानिश को तत्काल निजी वाहन से धमतरी के अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य व्यक्ति भी सड़क किनारे घायल अवस्था में मिले, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना के बाद क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो बीच सड़क पर ही खड़ी हो गई थी। परिजनों की रिपोर्ट पर बालोद पुलिस ने स्कॉर्पियो चालक के विरुद्ध धारा 184 एलकेएस, 125(ए) और 281 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस वाहन चालक की तलाश और मामले की विस्तृत विवेचना कर रही है।

**खरीदार और विक्रेता पक्ष के बीच मारपीट**

# बिक चुके मकान के मलबे को लेकर सुरडोंगर में खूनी संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम सुरडोंगर में एक मकान की खरीदी-बिक्री के बाद मलबे और कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट हुई, जिसमें महिलाएं भी शामिल रहीं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रार्थी लोकेश्वर दास साहू ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 8 अक्टूबर 2025 को गांव के ही जीवन लाल ठाकुर से उनका आबादी प्लॉट और मकान 7 लाख 65 हजार रुपये में खरीदा था। पूरा भुगतान करने के बाद इकरार हुआ था कि जीवन लाल 30 जनवरी तक मकान खाली कर देगा।

होली के बाद जीवन लाल ने चाबी तो सौंप दी, लेकिन अपना सामान खाली नहीं किया। जब लोकेश्वर सुबह मकान का ताला खोलकर कब्जा लेने पहुंचे, तो आरोप है कि जीवन लाल ने यह मेरा मकान है कहकर गाली-गलौज की और हाथ-मुक्के से मारपीट की। इस हमले में लोकेश्वर के गाल और पैर में चोट आई है। पुलिस ने जीवन लाल के खिलाफ धारा 115(2), 296 के तहत केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के जीवन लाल ठाकुर का कहना है कि उन्होंने मकान तो बेचा है, लेकिन सौदा होने के समय यह तय हुआ था कि वे मकान का पुराना मलबा निकाल लेंगे। आरोप है कि जब वे सुबह मजदूरों के साथ मलबा निकालने पहुंचे, तो लोकेश्वर साहू ने उन्हें रोक दिया।

### बीच-बचाव करने आई पत्नी को भी पीटा

विवाद बढ़ने पर लोकेश्वर ने डंडे से हमला कर दिया, जिससे जीवन लाल के सिर से खून बहने लगा। बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी निराशा बाई के साथ लोकेश्वर की पत्नी ने मारपीट और गाली-गलौज की। जीवन लाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने लोकेश्वर और उनकी पत्नी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस गांव में हुए विवाद के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों का डॉक्टरी मुलाहिजा कराया है। मलबे के स्वामित्व और मकान के कब्जे को लेकर उपजे इस विवाद की विस्तृत विवेचना की जा रही है।

# साय सरकार की योजना से मनीराम के जीवन में लौटी नई रोशनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- दुर्घटना में पैर गंवाने के बाद अब कृत्रिम पैर के सहारे फिर से हुए खड़े

अगर हौसला बुलंद हो और शासन का साथ मिल जाए, तो हर बाधा पार की जा सकती है। कुछ ऐसी ही कहानी है बालोद जिले के गुरूर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम छेड़िया के निवासी मनीराम की। एक दर्दनाक दुर्घटना में अपना पैर गंवा देने वाले मनीराम के जीवन में आए अंधेरे को अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दिव्यांग हितैषी योजना ने नई रोशनी से भर दिया है।

एक सड़क दुर्घटना में अपना पैर गंवाने के बाद मनीराम का जीवन बिस्तर तक ही सिमट कर रह गया था। चलने–फिरने में लाचारी के कारण उन्हें काम मिलना बंद हो गया, जिससे न केवल आर्थिक संकट गहराया, बल्कि मानसिक रूप से भी उन्होंने अपनी उम्मीदें छोड़ दी थीं। घर की चारदीवारी ही उनकी दुनिया बन गई थी। मनीराम की इस बेबसी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की दिव्यांग हितैषी नीति और जिला प्रशासन ▶▶| शेष पेज 11 पर

## कार ने मोपेड को मारी टक्कर चालक की हालत नाजुक



**गुरूर।** कार सवार युवक ने मोपेड सवार बुजुर्ग को ठोकर मार दी। घटना में घायल बुजुर्ग को गंभीर हालत में धमतरी में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी गभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रिफर कर दिया गया। पीड़ित के परिजनों ने घटना की फोटो पुलिस को उपलब्ध कराते हुए मामले की शिकायत दर्ज कराई है। घटना नगर के सरकारी अस्पताल के सामने की है। ग्राम घोघोपुरी निवासी रामनारयण सिन्हा 65 वर्ष अपनी मोटर साइकिल से जा रहे थे। सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 एए 7849 के चालक ने सामने से मोपेड को ठोकर मार दी। घटना में मोटर साइकिल सवार रामनारायण सिन्हा के सिर, कंधा एवं पीठ में गंभीर चोट आई है। रामनारायण के कंधा की हड्डी कई टुकड़ा होने एवं सिर में गंभीर चोट लगने की जानकारी मिल रही है। रामनारायण की गंभीर स्थिति को देखते हुए गुरूर से धमतरी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर हालत हो देखते हुए रायपुर रिफर कर दिया गया।

# लासाटोला में बलवा, कई घायल, काउंटर रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लासाटोला में आपसी विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहला पक्ष प्रार्थी रमेश कुमार साहू 39 वर्ष ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी उसका पड़ोसी ज्ञानीक राम ठाकुर और राहुल देवदास आपस में विवाद कर रहे थे। जब रमेश बीच-बचाव करने पहुंचा, तो आरोपी राहुल देवदास ने /"ज्यादा होशियार बनते हो/" कहकर वहां रखे बांस के डंडे से हमला कर दिया। शोर सुनकर रमेश का छोटा भाई टेमन साहू बचाने आया, तो राहुल ने उसे भी गालियां दीं और डंडे से मारपीट की। इस हमले में रमेश, टेमन और ज्ञानीक ठाकुर के हाथ, सीना और पीठ पर चोटें आई हैं। पुलिस ने राहुल देवदास के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत केस दर्ज किया है।

दूसरे पक्ष से राहुल देवदास 28 वर्ष ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह रमेश साहू के घर के पास ज्ञानी ठाकुर से बात कर रहा था। तभी रमेश घर से बाहर निकला और वहां खड़े होने पर आपत्ति जताते हुए गाली-गलौज करने लगा। राहुल के विरोध करने पर रमेश और टेमन साहू आक्रोशित हो गए और पास ही खड़ी बैलगाड़ी में लगे बांस के खूंटे को निकालकर हमला कर दिया। राहुल के अनुसार, उसके सिर, सीना और पीठ पर ▶▶| शेष पेज 11 पर

## 194 किसानों ने पहली बार आजमाया भाग्य

# बालोद में कुसुम की खेती का बढ़ा क्रेज, रकबा शून्य से पहुंच 157 हेक्टेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत सरकार की तिलहन प्रोत्साहन योजनाओं और जिला प्रशासन के नीर चेतना अभियान का सकारात्मक असर अब बालोद के खेतों में दिखने लगा है।

कृषि विभाग द्वारा आयोजित कृषक चौपाल और फसल चक्र परिवर्तन के संदेश से प्रेरित होकर जिले के किसानों ने पारंपरिक खेती के साथ तिलहन उत्पादन, विशेषकर कुसुम की खेती की ओर कदम बढ़ाए हैं। कृषि विभाग के उप संचालक आशीष चंद्राकर ने बताया कि जिले में कृषि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण का ही परिणाम है कि जिस कुसुम की खेती का रकबा पहले शून्य था, वह इस वर्ष बढ़कर 157 हेक्टेयर तक पहुंच गया है। उन्नत बीजों का चयन, कतार पद्धति से बुआई और संतुलित उर्वरक प्रबंधन के कारण वर्तमान में फसल की स्थिति उत्साहजनक है।



स्थानीय किसानों के अनुसार, कुसुम की खेती कई मायनों में फायदेमंद है, कम जल खपत, इसे बहुत ही सीमित सिंचाई की आवश्यकता होती है। यह फसल कम समय में तैयार हो जाती है और लागत भी न्यूनतम आती है। कुसुम की खेती मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने में सहायक मानी जाती है। मौसम अनुकूल रहने पर अच्छी पैदावार से किसानों की आय दोगुनी होने की प्रबल उम्मीद है। घरेलू तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंडों के 37 ग्रामों के 194 कृषकों ने पहली बार नवीन तिलहन फसल के रूप में कुसुम का प्रदर्शन लिया है। जिले में भविष्य में कुसुम की खेती के विस्तार हेतु बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। कुल कृषकों में से 79 कृषकों ने 101 हेक्टेयर क्षेत्र में बीज उत्पादन हेतु बीज निगम में पंजीयन कराया है। इससे आने वाले समय में जिले के किसानों को स्थानीय स्तर पर ही उन्नत बीज प्राप्त हो सकेंगे। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा खेतों का नियमित निरीक्षण और कीट प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है, जिससे फसल की गुणवत्ता बेहतर बनी हुई है।

## खबर संक्षेप



### प्रो राजन को मिला विशिष्ट सद्भावना सम्मान

**खैरागढ़।** सांस्कृतिक व साहित्यिक संस्था सद्भावना छग बिलासपुर द्वारा वर्ष 2026 का विशिष्ट सद्भावना सम्मान इंदिरा कला संगीत विवि हिंदी विभाग व कला संकाय अधिष्ठाता प्रो डॉ राजन यादव को मिला। दुर्ग के आशीर्वाद भवन में महापौर अल्का बाघमारे के मुख्य आतिथ्य, विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ता प्रो डॉ राजन यादव, समिति अध्यक्ष अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार राजीव अग्रवाल, साहित्य भारती छग अध्यक्ष बीआर साहू ,कवि सतीश पांडेय, डॉ राजेन्द्र मौर्य, डॉ अशोक ताम्रकार ने आयोजित कार्यक्रम में प्रो यादव का शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। संस्था का आभार व्यक्त करते हुए प्रो यादव ने कहा कि कवि कर्म तपस्या की तरह है और सतत मानवीय मूल्यों का प्रसार कवि का दायित्व है। किसी भी प्रांत अथवा देश का सांस्कृतिक स्वर हम कवियों की कविताओं में सुन सकते हैं। इस दौरान सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कवि व साहित्यकार मौजूद थे।

### रिंकू बने कांग्रेस के जिला सचिव



**जालबांधा।** जिला कांग्रेस कमेटी की नवघोषित कार्यकारिणी में जालबांधा के युवा नेता रिंकू गुप्ता को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। वही करमतरा के अशोक साहू को महामंत्री, गैंदलाल कुर्रे को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शमिल करने से क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी है। सामाजिक सहयोग और सक्रियता के कारण ग्रामीण क्षेत्र में पकड़ को देखते हुए रिंकू गुप्ता को जिला सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और जिलाध्यक्ष कोमलदास साहू की अनुशंसा पर सौंपी गई है। शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए रिंकू गुप्ता ने कहा कि वो हर संभव लोगो की समस्या निदान को लेकर प्रयासरत रहने के साथ साथ संगठन से मिले दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के भरोसे का बरकरार रखने और खरा उतरने के वादे साथ ब्लॉक और ग्राम स्तर पर पार्टी को सशक्त बनाना प्राथमिकता बताया है। क्षेत्र के तीनों जमीनी कार्यकर्ताओं को जिला कार्यकारिणी में जगह मिलने पर चंदन वर्मा, धनंजय वर्मा, महेंद्र वर्मा, हरेश वर्मा, मोहन वर्मा, कुमार वर्मा, महेश साहू, भूखन बंजारे, नरेश वर्मा, ओमप्रकाश साहू, उमेश साहू, माधव बंजारे, मुकेश बंजारे, पिंटू साहू, नवीन बर्मन, नरसिंह वर्मा, विनोद नेताम, ईश्वर राव, राजाराम बंजारे, करण बंजारे, अनिल बंजारे, गुंजल भारद्वाज, लोकेश वर्मा, पुखराज गुप्ता, बंटी गुप्ता सहित अन्य ने बधाई दी है।

### संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बैठक आयोजित

# ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने की बनी रणनीति

## पदाधिकारियों को जिम्मेदारियों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिले के तीनों ब्लॉक में प्रभारी व पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में बैठक आहूत किया गया था। जिसमें समस्त नवीन पदाधिकारियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया एवं उन्हें जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्रभारी महामंत्री दिनेश शाह मंडावी, कन्हैया राजपूत, उपेंद्र मिश्रा सहित जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, महामंत्री अब्दुल खलीक, महिला जिलाध्यक्ष सईदा खान, पुष्पा मंडावी, राजू पोटावी, रवींद्र सलामे, विधायक प्रतिनिधि ऋषभ ठाकुर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

कार्यक्रम में प्रभारी भुनेश्वर बघेल ने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता एक-एक पदाधिकारी के बराबर है। मानपुर विधानसभा कांग्रेस का गढ़ है, गढ़ इसलिए है क्योंकि हमने यहां विकास का कार्य किया है। वनांचल क्षेत्र के अंतिम गांव एवं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य यहां के विधायक इंद्रशाह मंडावी एवं संगठन के एक-एक ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने किया है, किन्तु वर्तमान परिस्थिति में भाजपा अपना छल-बल लगाने का कार्य इस क्षेत्र में कर रही है। जिनका हमें पुरजोर विरोध करना है एवं मजबूती से जनता के बीच जाकर विचारधारा को बताना है।



### मानपुर ब्लॉक कार्यकारिणी में ये हैं शामिल

कोषाध्यक्ष चाणक्य मेरिया, उपाध्यक्ष हरिशंकर मिश्रा, अभिमन्यु मंडावी, श्रवण बढ़ाई, सुरेखा सोरी, फूलसिंह मरकाम, अजीज खान, महामंत्री बालाराम मंडावी, भुनेश्वर ठंडिया, ललित ठाकुर, करण बोगा, धर्मेंद्र साहू, बालकृष्ण मेश्राम, आबिद अली, सुरेश गंधर्व सहित सचिव एवं कार्यकारिणी स्तर के सदस्यों को नामित किया गया है। इसी प्रकार मानपुर ब्लॉक में मंडल संयोजक के रूप में घसियाराम नाग औंधी, बलराम मंडावी भरीटोला, सईदा खान खड़गांव, परमेश्वर कोठारी मानपुर, रामप्रसाद भुआर्य सीतागांव को बनाया गया है।

### अंबागढ़ चौकी एवं मोहला में भी संगठन सृजन के तहत कार्यक्रम

इसी प्रकार प्रभारी भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में चौकी में जिला महामंत्री रफीक खान, लता साव, पूर्व उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम तथा मोहला में कोषाध्यक्ष जिला कांग्रेस नारायण खंडेलवाल, महामंत्री राजकुमार ध्रुव, उपाध्यक्ष महेश कुंजाम के नेतृत्व में संगठन सृजन के तहत मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

### पंचायत स्तर पर बनाए जाएंगे प्रभारी

गांवों के जागरूक युवा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पंचायत स्तर पर प्रभारी बनाया जाएगा। जिससे स्थानीय स्तर पर नेतृत्वकर्ता बनाए जाने से संगठन ज्यादा सक्रिय रहेगा। एक-एक पंचायत में बूथ के अलावा 10 लोगों का चयन कर उन्हें पार्टी की गतिविधियों को सुचारू संचालन करने का जिम्मेदारी दिया जाएगा। इसी प्रकार महीने में होने वाली तीन बैठकों के अलावा अब माह के 28 तारीख को पंचायत स्तर पर भी बैठक नियोजित किया जाएगा। कांग्रेस संगठन की तरफ से माह के 7 तारीख को जोन, 14 को ब्लॉक एवं 21 तारीख को जिला स्तरीय बैठक लिया जाकर सांगठनिक कार्यों पर चर्चा किया जाता है।

### ना धान खरीद पाए, मनरेगा बंद किए, आवास राशि में कटौती

संगठन सृजन कार्यक्रम में विधायक इंद्रशाह मंडावी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई संप्रेषित किया एवं कांग्रेस द्वारा जिले में कराए गए विकास कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा के अंतिम छोर में बसे मोहला-मानपुर का विकास भाजपा शासन के नियत में ही नहीं था। डॉ. रमन सिंह के 15 साल के स्थिर सरकार में भी हमारा क्षेत्र जिला नहीं बना था, जो सबसे महत्वपूर्ण मांग था, किन्तु भाजपा शासन ने हमारे क्षेत्र से मिलने वाले खनिज, वनोपज का शोषण किया और बड़े शहरों में खर्च किया। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता की मंशानुरूप हमने जिला बनाया। प्रशासनिक विकेंद्रीकरण को दृष्टिगत रखते तीन तहसीलों को अस्तित्व में लाया।

# जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीएम-राहत (प्रधानमंत्री रोड एक्सीडेंट विक्टिम हॉस्पिटलाइजेसन एण्ड एस्योरड ट्रीटमेंट) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में बताया गया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम-राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अब तत्काल और कैशलेस ईलाज की सुविधा मिलेगी। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को गोल्डन ऑवर अर्थात सड़क दुर्घटना के तुरंत बाद के महत्वपूर्ण समय में बिना किसी देरी के अस्पतालों में भर्ती कर अधिकतम 7 दिनों तक प्रति व्यक्ति अधिकतम 1 लाख 50 हजार रुपए तक का कैशलेस उपचार जिले के पंजीकृत समस्त शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

### समय पर उपचार

कार्यशाला में बताया गया कि योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है। दुर्घटना के बाद शुरूआती समय में तत्काल ईलाज मिलने पर कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। कार्यशाला में जिले के सभी 34 शासकीय अस्पतालों के अस्पताल प्रभारी एवं जिले के कुल 37 निजी अस्पताल प्रभारी व संचालकों को टीएमएस 2.0 पोर्टल एवं ईडीएआर पोर्टल का लाईव प्रशिक्षण प्रोजेक्टर द्वारा प्रदान किया गया। शासन के निर्देशानुसार योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एवं पीड़ितों को तत्काल उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### दी आवश्यक जानकारी

कार्यशाला में डॉ. बीएल तुलावी, अरूण सोनी एवं ऐश्वर्य साव द्वारा पीएम-राहत योजना के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। कार्यशाला में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री राजनांदगांव, जिला चिकित्सालय बसंतपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव, छुरिया, डोंगरगढ़, घुमका, सोमनी तथा समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आरएमए, अस्पताल मेडिको एवं जिले के कुल 37 निजी अस्पतालों से अस्पताल संचालक, अस्पताल प्रबंधक एवं अस्पताल मेडिको उपस्थित थे।

# 'आप' ने निकाली सिलेंडर की शव यात्रा



■ रसोई गैस संकट का असर आम जनजीवन पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश में गहराते रसोई गैस संकट, कामर्शियल सिलेंडर की कमी और उससे प्रभावित आम जनजीवन व उद्योगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सरकार के गैस की कोई कमी नहीं वाले दावे को सिरे से खारिज करते हुए इसे जनता को गुमराह करने वाला बताया और कहा कि देश में गैस संकट को लेकर निर्मित हालात सरकार की विफल नीतियों का परिणाम हैं। सरकार खुद दावा कर रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है तो फिर आम जनता सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में क्यों खड़ी है। प्रधानमंत्री का 500 में गैस सिलेंडर देने की गारंटी पूरी तरह फेल हो गई है और आज आम आदमी को घरेलू गैस सिलेंडर तक समय पर नहीं मिल पा रहा है। ऊपर से घरेलू पर 60 और कामर्शियल सिलेंडर पर 115 की बढ़ोतरी ने लोगों की कमर तोड़ दी है।

### अपर्याप्त आपूर्ति की गंभीर समस्या

जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि केंद्र की गलत नीतियों के कारण प्रदेश की सिलेंडर की अनियमित व अपर्याप्त आपूर्ति की गंभीर समस्या का सामना कर रही हैं। सिलेंडर समय पर नहीं मिल रहा है, जिसके कारण दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। कामर्शियल गैस की आपूर्ति न होने से होटल रेस्टोरेंट बंद होने के गार पर आ गए है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों को इस समस्या से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरीवश लोगों को लकड़ी सहित अन्य पारंपरिक ईंधनों के अलावा इलेक्ट्रिकचूल्हों का उपयोग करना पड़ रहा है, जो स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक होने के साथ साथ भविष्य में बिजली संकट पैदा कर सकता है। आम आदमी पार्टी ने ज्ञापन सौंपकर समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने, कालाबाजारी पर रोक लगाने और प्रदेश में रसोई गैस की नियमित, पारदर्शी, समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है साथ ही चेतावनी भी दी है कि त्वरित निवारण नही होने पर पार्टी पूरे प्रदेश में व्यापक जन आंदोलन करेगी। इस दौरान जिला महासचिव श्याममूर्ति नायडू ,संदीप जंघेल, राजेश मारकंडेय, निलेश महोबे, तिजेराम वर्मा, श्यामलाल वर्मा, जाहिद अली, रामकुमार वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मार्कफेड की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में धान के निपटान एवं उठाव में तेजी के निर्देश



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा आज नवा रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में जिला विपणन अधिकारियों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के विपणन अधिकारी उपस्थित रहे, जहां धान खरीदी, भंडारण एवं उठाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वर्ष 2024-25 के धान निराकरण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते प्राधिकृत अधिकारी शशिकांत द्विवेदी ने शेष धान के शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

प्राधिकृत अधिकारी मार्कफेड में संग्रहण केंद्रों से धान उठाव के लिए जारी टीओ तथा वर्ष 2025-26 के लिए जारी डीओ के विरुद्ध वास्तविक उठाव की जिलेवार प्रगति का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने 30 मार्च 2026 की स्थिति में उपार्जन केंद्रों में उपलब्ध शेष धान की जानकारी लेते उसके सुरक्षित संधारण एवं त्वरित उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके अलावा जिलों में अनुपयोगी बारदानों के प्रबंधन तथा स्वयं के एवं किराये के गोदामों से संबंधित लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर भी विशेष जोर दिया।

### गहन समीक्षा

बैठक में पिछली समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी गहन समीक्षा की गई। प्राधिकृत अधिकारी ने स्पष्ट किया कि धान खरीदी एवं उठाव की प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है और सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करनी होगी। इस अवसर पर मार्कफेड मुख्यालय के अपर प्रबंध संचालक, मुख्य लेखाधिकारी सह वित्तीय नियंत्रक, समस्त महाप्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# तहसील स्तर पर रामलाल साहू हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शैक्षिक गतिविधि और सामाजिक उत्थान को लेकर उत्कृष्ट कार्य सहित समाज की बेहतरी के लिए लगातार तहसील स्तर पर योगदान देने वाले रामलाल साहू को सम्मानित किया गया। ब्लाक के कट्टहा नवागॉव प्राशा में पदस्थ प्रपा रामलाल साहू को इरईकला में आयोजित तहसील स्तरीय कर्मा जयंती कार्यक्रम सांसद संतोष पांडेय, मंत्री गजेन्द्र यादव सहित अन्य अतिथियो ने अंगवस्त्र, प्रतीक और प्रमाणपत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज धीरेन्द्र साहू जी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजनांदगांव भागवत साहू, घुमका तहसील अध्यक्ष दिलीप साहू सहित अन्य मंचस्थ थे।

गौरतलब है कि शिक्षा के क्षेत्र मे नवाचार और शैक्षिक गतिविधियो को लेकर लगातार कार्य करने के चलते प्रदेश मे विभिन्न मंचों से सम्मानित रामलाल साहू को सम्मान मिला है। बीते साल संभाग से उत्कृष्ट प्रधान पाठक के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण भी मिल चुका है। शैक्षिक गतिविधियो के अलावा साहू समाज से होने के कारण सामाजिक उत्थान, बच्चों की बेहतर शिक्षा दीक्षा को लेकर उनके कामो को देखते हुए कार्यक्रम में उन्हें सांसद व मंत्री के हाथों सम्मान मिला है। भैसातरा परिक्षेत्र अध्यक्ष धरमू साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष पन्नालाल साहू, सचिव सोमनाथ साहू, कट्टहा नवागांव सरपंच प्रीतिलता साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष शीतराम जोशी सहित अन्य ने उन्हें बधाई दी है।

# कार्यकारिणी में गामेंद्र बने शहर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित की गई है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन से शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार द्वारा प्रस्तावित शहर जिला कार्यकारिणी को प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैन्दू द्वारा पदाधिकारी की सूची जारी की गई है। जिसमें गामेंद्र नेताम को शहर जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव बनाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गामेंद्र नेताम पूर्व में नगर पालिक निगम में रेवाडीह वार्ड से पार्षद व कनिष्ठ सभापति रहे हैं। उनकी राजनीतिक यात्रा की शुरूआत जिला युवा कांग्रेस में बतौर निर्वाचित जिला महासचिव से हुई है। उसके पश्चात नगर निगम में एल्डरमेन नियुक्त, उत्तर ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष, आदिवासी कांग्रेस के शहर अध्यक्ष रहे। वर्तमान में नवीन सचिव पद के साथ जिला आदिवासी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष पद का भी निर्वहन कर रहे हैं। संगठन में उनकी मेहनत और सक्रियता बनी रहती है। श्री नेताम ने कहा है कि उक्त सचिव पद का वो पूर्व की भांति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे और संगठन के दिशा-निर्देशों का पालन कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। यह जिम्मेदारी मिलने पर नेताम ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार का आभार व धन्यवाद प्रकट किया है।

### आंगनबाड़ी के बच्चों को स्कूल वातावरण से कराया गया परिचय

**राजनांदगांव।** जिले में स्कूल शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आज बाल मित्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों को विद्यालय के वातावरण से परिचित कराना तथा 6 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें स्कूल जाने प्रेरित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत 4 से 6 वर्ष आयु वर्ग के आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को उनके नजदीकी प्राथमिक शालाओं में ले जाया गया। इस दौरान बच्चों ने विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ मिलकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और स्कूल के माहौल को समझा। कार्यक्रम में बच्चों के लिए कहानी, गीत, खेल एवं चित्रकारी जैसी रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिससे वे आनंदपूर्वक सीख सकें और स्कूल के प्रति उनकी रूचि बढ़े। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह जागृत करने के साथ ही विद्यालयीन जीवन के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम से बच्चों का सहज रूप से स्कूल में प्रवेश सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी तथा प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने में सहयोग मिलेगा।

## पूरे दिन भजन-कीर्तन के साथ भंडारा

# हर्षोल्लास से मना हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

हनुमान प्रकटोत्सव पर शहर सहित पूरे इलाके के सभी छोटे बड़े हनुमान और राम मंदिर में पूरे दिन कीर्तन भजन साथ पूजा अर्चना और भंडारा चलता रहा।

सिविल लाइन, पुलिस थाना, बिजली आफिस, किल्लापारा सहित तुरकारी पारा के हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ इस दौरान श्रद्धालुओं ने रोठ, चला, गुड़ का भोग लगाया वही बंदन घी का चोला चढ़ाया।



इस दौरान सुबोधकांत पांडेय, श्रीराम यादव, भूपेंद्र गंगबोइर, नीकु श्रीवास, पंकज यादव, मनमोहन चंदवानी, नरेंद्र श्रीवास, धर्मेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, शुभम सिंह ठाकुर, अंजन सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र यादव, सुनील यादव, विवेक श्रीवास,सूर्या दुबे,विनीत श्रीवास, सौमित्र श्रीवास, निखिल श्रीवास, शौर्य गंगबोइर, सोनू श्रीवास, बबलू श्रीवास, दुर्गेश यादव, प्रांजल गुप्ता, शौर्य गुप्ता, हर्षल गुप्ता, अनुराग यादव, आलोक श्रीवास, ऋतुराज यादव, आदित्य सिंह, नैतिक सिंह, नितिन वर्मा, शिवा यादव, आर्यन श्रीवास, नीरज भट्ट, विक्रम यादव, विनोद श्रीवास, जय यादव, प्रियांशु यादव, आरव श्रीवास सहित बड़ी संख्या में हनुमान भक्त उपस्थित थे।

### भव्य प्रतीक यात्रा निकली

तुरकारी पारा में वीर हनुमान सेवा समिति ने लगातार सोलहवें साल हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। सुबह हवन पूजन, दोपहर में विशाल भंडारा बाद राम लक्ष्मण जानकी संग हनुमान की भव्य प्रतीक यात्रा निकली जिसमें ढोल धुमाल, अखाड़ा, डीजे, नयनाभिराम जीवंत झांकी और शानदार आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रही। शिव मंदिर मे संगीतमय हनुमान चालीसा बाद महाआरती से यात्रा का समापन हुआ।

# पांच दिवसीय संविधान मंथन कार्यक्रम हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के अंबेडकर चौक में संविधान मंथन कार्यक्रम का पांच दिवसीय आयोजन किया गया। आम जनमानस में संवैधानिक जागरूकता के उद्देश्य से इस संविधान मंथन कार्यक्रम का आयोजन 28 मार्च से 1 अप्रैल तक किया गया।

जनहित को समर्पित आम नागरिकों को उनके मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में संविधान कथा, संविधान वाचन, निबंध लेखन और प्रदर्शनियों के साथ-साथ आम जनता के लाभ के लिए कई निःशुल्क शिविर, स्वास्थ्य शिविर, आरटीओ शिविर, श्रमिक विभाग शिविर, जैविक कृषि शिविर और कानूनी सलाहकार शिविर भी आयोजित किए गए। निःशुल्क संविधान पुस्तक की 1000 प्रतियां वितरित की गई। कार्यक्रम में संविधान वाचन, संविधान निबंध लेखन, संविधान स्पीच, संविधान प्रदर्शनी, संविधान मेला, संविधान मंथन एवं दर्शन यात्रा, रैली और सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

### संवैधानिक मूल्यों का अद्भुत समन्वय

कर्तव्य न्याय भागीदारी आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवशंकर सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत देवांगन ने बताया कि संविधान मंथन कार्यक्रम एक अनूठी और प्रभावशाली पहल के रूप में उभरकर सामने आया है, जहां सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और संवैधानिक मूल्यों का अद्भुत समन्वय देखने को मिल रहा है। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। आचार्य सूरज राही के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में गीत, संगीत और विचारों के माध्यम से संविधान की आत्मा को जन-जन तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया गया। कार्यक्रम में भगवान गौतम बुद्ध के करूणा, शांति और मानवता के संदेश को प्रमुखता से उकेरा गया। वहीं डॉ. भीमराव आंबेडकर के समानता, न्याय और अधिकारों पर आधारित विचारों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।आयोजन में रूपेश जोशी, सलमान खान, मनीष जैन, तुलसी गौतम, उमेश साहू, बलविंदर सिंह सिख, सेवाराम, प्रयाग साहू, राजेश तोमर, एसके ओझा, एसके नायक, श्याम शर्मा, एमबी अनोखे सहित युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और विद्यार्थी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## खबर संक्षेप

### जंगल में अवैध कटाई की शिकायत

**डोंगरगढ़।** बागनदी रेंज अंतर्गत आने वाले सडक चिरचारी जंगल से अवैध कटाई और इमारती लकडियों की निकासी भी होने की जानकारी मिली है। विभागीय कूप कटाई की आड़ में कई कूपों की कटाई बिना अनुमति के कर दी गई है। बांस के अलावा कई प्रजाति की लकड़ियों की कटाई कर चिरचारी डिपो, अछोली काष्ठगार में रखा गया है। वकिंग प्लान के नाम पर जंगल में अवैध रूप से कटाई किया जा रहा है। हाल में चिरचारी डिपो से 5 लाख की लकड़ियां बेच दिया गया है।जानकारी के अनुसार चिरचारी डिपो सहित अछोली काष्ठागार में नीलामी के दौरान अवैध रूप से लाई गई लकड़ियों को सप्लाई करने की खबर है। नीलामी में ठेकेदारों को उनकी मर्जी से लाट बेचने की जानकारी मिली है। अधिक कीमत वाले लाटों को चेनल बनाकर कम कीमत बेचा जा रहा है जिससे शासन को नुकसान हो रहा है।

### मारूति महायज्ञ सात तक

**डोंगरगांव।** ग्राम साकरीपार में आगामी 7 अप्रैल तक मारूति महायज्ञ और हनुमान कथा का आयोजन रखा गया है।। यह आयोजन पंडित तेजेश्वरानंद महराज एवं तिलेन्द महाराज राका के सानिध्य में हो रहा है। मंडल भाजपा के उपाध्यक्ष कुलेश्वर निषाद ने बताया कि श्री हनुमंत सेवा संस्थान, माँ बम्लेश्वरी धाम का उद्देश्य गरीब बेटियों का सामूहिक विवाह, गौ माता सेवा हॉस्पिटल का संचालन, असहायों की मदद, समाज कल्याण के लिए लोगों को जागरूक करना है।

### निषाद समाज की बैठक 5 को

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज राजनांदगांव की मासिक बैठक 5 अप्रैल को सामाजिक भवन कौरिनभांठा में आयोजित की गई है। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद ने बताया कि बैठक में सामाजिक गतिविधियों के साथ विवाह के पहले लड़का-लड़की को बातचीत करने पर प्रतिबंध लगाने पर चर्चा किया जाएगा। जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन निषाद, संगठन सचिव मौजी राम निषाद ने बैठक में सभी से शामिल होने की अपील की है।

### बच्चों को बनाए संस्कारवानः गिरवर

**डोंगरगढ़।** परिक्षेत्रीय साहू समाज पटपर के तत्वावधान में कर्मा जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूवात आरती एवं पूजा अर्चना से हुई। मुख्य अतिथि तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू, विशिष्ट अतिथि कमलेश साहू, रामाधीन साहू, उमा साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित साहू थे। स्वागत के बाद अध्यक्ष कोमल साहू ने स्वागत भाषण दिया। तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू ने इस मौके पर कहा कि भक्त माँ कर्मा की जीवनी से जीवन जीने की कला सीखने मिलती है। उन्होंने भक्ति के मार्ग पर चल कर तेली समाज को एक पहचान दी। उन्होंने कर्मा के जीवन से प्रेरणा लेकर बच्चों को संस्कारवान बनाने पर जोर दिया।

### भगवा रंग वीरता का प्रतीक

**छुरिया।** ग्राम गर्रापार में ग्रामवासियों के सहयोग से बजरंग युवा समिति ने हनुमान जयंती धूमधाम से मनाया। इस धार्मिक आयोजन में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, बालमुकुंद कुंजाम, नैनसिंह पटेल, चित्रांगन साहू, अजय साहू आदि शामिल हुए। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गौरव का दिन है। हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा और भगवा ध्वज फहराने का यह कार्यक्रम हमारी आस्था, संस्कृति और एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### हवन कर लोगों ने मनाई जयंती

**खड़गांव।** ग्राम बाजार क्षेत्र के समीप हनुमान मंदिर में जयंती मनाया गया। आयोजन के पहले मंदिर में लाइटिंग और साज सज्जा की गई।

**समस्या : महंगाई और गैस किल्लत ने बढ़ाई परेशानी**

# गैस नहीं मिली तो जले चूल्हे, दल्लीराजहरा में भंडारा बना चर्चा का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



हनुमान जयंती पर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में इस वर्ष भंडारा आयोजन एक खास चर्चा में रहा। जहां आमतौर पर गैस सिलेंडर के माध्यम से प्रसाद तैयार किया जाता था, वहीं इस बार बढ़ती गैस कीमतों के कारण कई समितियों और भक्तों ने पारंपरिक चूल्हे का सहारा लिया। लकड़ी से जलते चूल्हों पर तैयार हुआ भंडारा न सिर्फ आर्थिक मजबूरी का परिणाम था, बल्कि लोगों को पुरानी परंपराओं की याद भी दिला गया। महंगाई के बीच परंपरा की वापसी हुई।

शहर के विभिन्न मंदिरों और प्रमुख चौक-चौराहों पर सुबह से ही चूल्हे सुलगते नजर आए। बड़े-बड़े बर्तनों में प्रसाद तैयार किया गया, जिसकी खुशबू दूर तक फैलती रही। राहगीरों और श्रद्धालुओं के बीच यह दृश्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। कई स्थानों पर लोग चूल्हे के पास खड़े होकर इस पारंपरिक तरीके को देखते और सराहते नजर आए। दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र के विभिन्न आयोजकों का कहना है कि गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और समय पर उपलब्धता की समस्या के चलते यह निर्णय लेना पड़ा। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि चूल्हे पर बना भोजन अधिक स्वादिष्ट और सुगंधित होता है। एक आयोजन समिति के सदस्य ने बताया, गैस के मुकाबले चूल्हे में बने प्रसाद का स्वाद अलग ही होता है, इसमें एक पारंपरिक खुशबू और अपनापन महसूस होता है। भक्तों रामेश्वर कुमार, उपेंद्र साहू,किरण वर्मा, रीना कुमारी, आकाश ने भी इस बदलाव का स्वागत किया। कई श्रद्धालुओं ने कहा कि चूल्हे पर बने भोजन में गांव की सादगी और पुरखों की परंपरा की झलक मिलती है। एक बुजुर्ग श्रद्धालु ने कहा, पहले हर भंडारा इसी तरह बनता था, अब फिर वही माहौल देखकर मन खुश हो गया। वहीं युवाओं ने इसे एक नई सीख और अनुभव बताया। स्थानीय व्यापारियों और लकड़ी विक्रेताओं के अनुसार, इस बार भंडारे के दौरान लकड़ी की मांग में भी बढ़ोतरी देखी गई। इससे छोटे व्यापारियों को भी लाभ मिला, जो इस आयोजन का एक सकारात्मक पहलू बनकर सामने आया। धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से भी यह आयोजन खास रहा, क्योंकि इसने लोगों को एकजुट करने के साथ-साथ परंपराओं के महत्व को फिर से उजागर किया। चूल्हे की आंच पर पका प्रसाद जहां स्वाद और श्रद्धा का प्रतीक बना, वहीं यह संदेश भी दे गया कि परिस्थितियां चाहे जैसी हों, आस्था और परंपरा का मार्ग हमेशा जीवंत रहता है।

# आचार्य श्री रामलाल मसा का जन्मदिवस मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के जैन साधुमार्गी संघ द्वारा आचार्य भगवन श्री रामलाल मसा का 75वां जन्मदिवस श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर दिनभर धर्म ध्यान, त्याग, तपस्या एवं विविध धार्मिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

दोपहर के समय जीवदया के तहत नगर के शिव मंदिर प्रांगण में मछलियों को दाना खिलाया गया तथा श्री भगवान महावीर गौशाला में गौमाता को गुड़-रोटी सहित विभिन्न आहार अर्पित कर गौसेवा की गई।

रात्रि साढ़े आठ बजे ओसवाल भवन में आचार्य रामेश गुणानुवाद सभा का आयोजन हुआ, जिसमें नगर के जैन समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप से हुई। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा रामेश चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। कार्यक्रम में अंतरा, आन्या डाली एवं लवली ने आचार्य भगवन के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए सुमधुर गीतिका प्रस्तुत की। समता महिला मंडल ने भी भक्ति से ओतप्रोत भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं नन्हे बालक यौगिक डोसी ने भी गीतिका के माध्यम से आचार्य भगवन का गुणगान किया।

संघ के हस्तीमल सांखला ने आचार्य भगवन के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए उनके साधनामय जीवन की प्रेरणादायी गाथा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि आचार्य भगवन जैन आगमों के गूढ़ रहस्यों के ज्ञाता हैं और भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर चलते हुए जिनशासन की प्रभावना में निरंतर अग्रसर हैं। उनके विचार और मार्गदर्शन समाज के लिए अनुकरणीय हैं। सभा के अंत में संघ समाज द्वारा आचार्य भगवन के दीर्घायु होने एवं निरंतर सानिध्य व आशीर्वाद प्राप्त होते रहने की मंगलकामना की गई। सामूहिक गुरु वंदना एवं महामंगल पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# हनुमान जयंती पर निकाली शोभायात्रा और महाप्रसाद का वितरण किया





**डौण्डीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम बड़गांव स्थित श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जयंती भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर में सुबह से ही पूजा-अर्चना, सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा के पाठ का क्रम चलता रहा। जानकारी के अनुसार 31 मार्च से ही विद्वान पंडितों द्वारा सुंदरकांड का अखंड पाठ प्रारंभ किया गया था, जिसका समापन हनुमान जयंती के दिन हुआ। हनुमान जयंती के अवसर पर प्रातः मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके पश्चात मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना, यज्ञ-हवन एवं महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस अवसर पर श्री नवदुर्गा रामायण समिति आमगांव के राकेश सिन्हा द्वारा भजन एवं मानस कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के सहयोग से भव्य भंडारा महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात्रि तक हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर संचालक युगल किशोर साहू ने बताया कि हनुमान जयंती केवल उत्सव नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और श्रद्धा का प्रतीक है। वहीं समिति के कोषाध्यक्ष नेमसिंह साहू ने कहा कि सच्चे मन से पूजा करने पर हनुमान जी भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर मंदिर विकास समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समस्त श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं का आभार व्यक्त किया।

# त्याग, प्रेम और शांति का संदेश लेकर मनाया गया गुड फ्राइडे

**दल्लीराजहरा।** ईसाई धर्म का पवित्र और शोकपूर्ण पर्व गुड फ्राइडे पूरे श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ शहर के चर्चों में मनाया गया। इस अवसर पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद करते हुए विशेष आराधना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कलीसिया के सदस्य उपस्थित रहे। पूरे वातावरण में श्रद्धा, मौन और आध्यात्मिक ऊर्जा का भाव देखने को मिला।

आराधना के दौरान पास्टर राजेंद्र साहू ने अपने संदेश में कहा कि गुड फ्राइडे मानवता के लिए प्रेम, त्याग और क्षमा का सबसे बड़ा प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु मसीह ने समस्त मानव जाति के पापों के प्रायश्चित के लिए सूली पर अपना जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने बाइबिल का संदेश साझा करते हुए कहा कि परमेश्वर ने संसार से इतना प्रेम किया कि अपने एकमात्र पुत्र को दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह अनन्त जीवन प्राप्त करें। कार्यक्रम के दौरान महिला, पुरुष, युवा और बच्चों द्वारा विशेष गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिसने पूरे माहौल को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया। गीतों के माध्यम से प्रभु यीशु के जीवन, उनके त्याग और प्रेम का संदेश प्रस्तुत किया गया, जिससे उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं।

आराधना के पश्चात चर्च के युवाओं ने उपवास रखकर अपनी आस्था प्रकट की। साथ ही उपवास रखने वाले मसीही भाई-बहनों के लिए फल और शरबत की विशेष व्यवस्था भी की गई, जिससे सेवा और सहयोग की भावना भी देखने को मिली। इस अवसर पर कलीसिया के विभिन्न पदाधिकारियों और सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन को सफल बनाने में सभी वर्गों के लोगों ने मिलकर सहयोग किया, जिससे एकता और सामुदायिक भावना का उत्कृष्ट उदाहरण सामने आया।

# हास्पिटल में समय पर नहीं मिलते डॉक्टर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़



सरकारी अस्पताल में डॉक्टर, कर्मचारी और पर्याप्त सुविधा होने के बाद भी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ आम लोगों को नहीं मिल रहा है। शहर के स्वास्थ्य केन्द्र को अछोली शिफ्ट कर दिया गया है। यहां शासन से सुविधा मिल रही है और विभिन्न आयोजन के लिए राशि भी दी जा रही है किन्तु आयोजनों की आड़ में राशि का दुरूपयोग अधिक हो रहा है।

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कर्मचारी और डॉक्टर निर्धारित समय में उपस्थित नही होते। सुबह 9 से 1 बजे तक एवं शाम 4 से 6 बजे तक ओपीडी का समय निर्धारित किया है किंतु मरीजो का पर्ची कटाने की दिक्कत होती है। इसके अलावा अस्पताल के कुछ कर्मचारी और डाक्टर निर्धारित समय पर नहीं पहुंचते। अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों के वाहन मुख्य गेट पर ही खड़ रहते है जिससे मरीजो को आने जाने में तकलीफ होती है।

# नगर में ब्लैक स्पॉट बने मौत के जाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा




चिखलाकसा मुख्य मार्ग मानपुर चौक तिराहा के अलावा शहर और आसपास के क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत चिंताजनक होती जा रही है। दल्लीराजहरा के कई ब्लैक स्पॉट आज भी बिना संकेतकों के हैं, जिससे लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। प्रशासनिक बैठकों में बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर काम अधूरा नजर आ रहा है।

शहर के प्रमुख मार्गों जैसे रिस्ता चौक, हनुमान मंदिर मार्ग, रेलवे स्टेशन रोड और माइन्स ऑफिस रोड,खदान क्षेत्र की सड़कों पर कई ऐसे मोड़ और स्थान हैं, जहां दुर्घटनाएं आम हो चुकी हैं। इन जगहों पर न तो चेतावनी बोर्ड लगे हैं और न ही पर्याप्त रोशनी या ट्रैफिक नियंत्रण के उपाय किए गए हैं। नागरिकों में आक्रोश, सुरक्षा को लेकर चिंता स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार हादसे होने के बाद भी जिम्मेदार विभाग केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित हैं। एक स्थानीय व्यापारी का कहना है कि रात के समय अंधे मोड़ों पर वाहन चालक को कुछ भी नजर नहीं आता, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। वहीं एक ऑटो चालक ने बताया कि कई बार बाल-बाल बचने की स्थिति बनती है, लेकिन सुधार के कोई ठोस कदम नजर नहीं आते। ट्रैफिक विभाग के अधिकारी रवि शंकर पांडे के अनुसार, शहर के चिन्हित ब्लैक स्पॉट की सूची तैयार की गई है और वहां संकेतक लगाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। साथ ही नियमित रूप से जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि वाहन चालक सतर्क रहें। लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर अभिषेक कुमार ने बताया कि कई स्थानों पर संकेतक लगाने का कार्य प्रारंभ हो चुका है और शेष स्थानों पर भी जल्द काम पूरा किया जाएगा। विभाग का कहना है कि बजट स्वीकृति और तकनीकी प्रक्रिया के कारण कुछ देरी हुई है, लेकिन अब तेजी लाई जा रही है।

### जनप्रतिनिधियों की प्रतिक्रिया

स्थानीय जनप्रतिनिधियों सौरभ कुमार निखिल जैन,आकाश कुमार, रोहित शर्मा, संदीप गोगड़ ने भी इस मुद्दे को गंभीर बताया है। उनका कहना है कि सड़क सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि प्राथमिकता के आधार पर सभी ब्लैक स्पॉट पर संकेतक और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

### सामाजिक संगठनों की मांग

सामाजिक कार्यकर्ताओं शैलेंद्र, पंकज देव, प्रहलाद कुमार का कहना है कि केवल संकेतक लगाने से ही समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि सड़क चौड़ीकरण, स्ट्रीट लाइट, स्पीड ब्रेकर और नियमित मॉनिटरिंग भी जरूरी है। उन्होंने प्रशासन से ठोस और समयबद्ध कार्य योजना लागू करने की मांग की है।

# मानसगान और सीसी रोड लोकार्पण में शामिल हुईं विधायक संगीता





**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर में बसे ग्राम मरकाटोला में हनुमान जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय मानसगान सम्मेलन एवं सीसी रोड़ लोकार्पण में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

इस अवसर पर विधायक ने कहा की भगवान श्रीराम मर्यादा के प्रतीक है, उनके बताए आदर्शों का पालन कर अपने जीवन को धन्य बनाना चाहिए, रामचरित मानस हमे कठिन तपस्या से सुख प्राप्ति तक के साधना को प्रगट करती है। ऐसे धार्मिक आयोजन से हम अपनी ओने वाली पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास, धार्मिक मान्यताओं, परंपराओं से अवगत कराते है, इस प्रकार के आयोजन से ही ग्राम में शांति, एकता भाईचारा का भाव उत्पन्न होता है।

इस मौके पर विधायक ने विधायक निधि से निर्माण हुए सीसी रोड़ का लोकार्पण करते हुए कहा कि ग्रामवासी की पुरानी मांग थी, जिसे आज पूर्ण कर ली गई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर महामंत्री एवं मंडल अध्यक्ष सुमीत राजपूत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष मनोज बबलू साहू, जनपद पंचायत गुरूर के पूर्व उपाध्यक्ष तोषण साहू, आयोजन समिति के अध्यक्ष पीआर ठाकुर, उपाध्यक्ष जागेश्वर विश्वकर्मा, सचिव सुशील चंदेल, नारद नेताम, वोमेश गंगराले, रामप्रसाद पांडे सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बालिका छात्रावास निर्माण में अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईखदान



ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में निर्माणाधीन बालिका छात्रावास विवादों में घिरते नजर आ रहा है। करीब अनुमानित 2 करोड़ 32 लाख की लागत से बन रहे इस छात्रावास निर्माण में

अनियमितता बरतने का आरोप लग रहा है। लोक निर्माण विभाग ने छात्रावास निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित किया था जिसकी अनुमानित लगत 2 करोड़ 32 लाख 72 हजार है। इस कार्य का ठेका किशन लाल यादव गंडई को मिला है।कार्यादेश 30 दिसंबर 25 को जारी हुआ है जिसके अनुसार कार्य को28 नवंबर 26 तक पूर्ण करना है। ठेकेदार ने मौके पर बोर्ड की जगह पर फ्लेक्स लटका रखा है जबकि कार्य स्थल पर बोर्ड लगाना अनिवार्य है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि निर्माण कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरा हो सके।

### गुणवत्ता की अनदेखी

स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मिनेश जंघेल ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी और नियमों की अवहेलना का आरोप लगाते हुए बताया कि कार्य मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है। उन्होंने ठेकेदार पर सरकारी बोरिंग पर कब्जा करने का आरोप लगाया है जिससे स्थानीय लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण ईंट मुरूम की गुणवत्ता भी संदेह के घेरे में है।इस मामले को लेकर पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

## पेज 9 का शेष

### साय सरकार की योजना ...

बालोद के प्रयासों ने संजीवनी का काम किया। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से मनीराम को निःशुल्क कृत्रिम पैर प्रदान किया गया। कृत्रिम पैर लगने के बाद मनीराम के चेहरे पर जो चमक लौटी है, वह शब्दों से परे है। अब वे बिना किसी सहारे के आसानी से चल–फिर पा रहे हैं। मनीराम का कहना है कि पैर कटने के बाद मुझे लगा था कि अब मेरा जीवन दूसरों पर बोझ बनकर ही बीतेगा, लेकिन मुख्यमंत्री की इस योजना ने मुझे फिर से खड़ा कर दिया है। अब मैं कहीं भी आ–जा सकता हूं और काम भी कर सकता हूं।

### लासाटोला में ...

गंभीर वार किए गए, जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। पुलिस ने राहुल की शिकायत पर रमेश और टेमन सहित तीन लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### युवक ने फांसी लगाकर...

मुताबिक युवक बहुत ही सरल स्वभाव के थे और पूर्व में ग्रामीण अध्यक्ष के पद पर भी थे। उक्त युवक का ग्राम बोरगहन एवं बरबसपुर में सेलून का दुकान संचालित है।



## खबर संक्षेप

### गौ सम्मान अभियान में आज शामिल होंगे संत श्रीराम बालक दास

**गुण्डरदेही।** गौ सम्मान आह्वान अभियान को गति देने के लिए कौशल्या धाम जामड़ी आश्रम के राष्ट्रीय गोभक्त संत श्रीराम बालक दास महात्यागी का आगमन 4 अप्रैल को शाम 6 बजे श्री कृष्ण गौशाला गुण्डरदेही में होगा। वे जन–जन को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरणा देंगे, साथ में गौ माता के संदर्भ में अपनी बात रखेंगे।

### 35 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

**बालोद।** जिले में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पड़कीभाठ बायपास रोड स्थित अन्नपूर्णा डेली नीड्स दुकान के सामने एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने के लिए भारी मात्र में शराब रखे हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वार्ड क्रमांक 9 मरारपारा बालोद निवासी हिमांशु सोनी 27 वर्ष के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से प्लास्टिक बोरी में रखे 35 पौवा प्रत्येक 180 एमएल देशी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्र 6.300 बल्क लीटर बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 2015 की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

### थानों में सुरक्षा गार्ड भर्ती कैंप शुरू, 11 अप्रैल तक चलेगा अभियान

**बालोद।** जिले के 10वीं पास और फेल युवाओं को स्वावलंबी बनाने और रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से बालोद पुलिस द्वारा एक विशेष पहल की जा रही है। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने बताया कि क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, जशपुर के माध्यम से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सुरक्षा गार्ड भर्ती हेतु रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सुरक्षा गार्ड में स्थाई रोजगार दिया जाएगा। जिसके अंतर्गत पंजीयन शिविर का आयोजन थाना देवरी में 4 अप्रैल को, थाना मंगचुवा में 05 को, चौकी पिनकापार में 06 को, थाना सुरेगांव में 07 को, थाना पुरूर में 08 को, थाना गुरूर में 09 को, थाना रनचिरई में 10 को एवं थाना बालोद में 11 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदक को भर्ती से संबंधित आवश्यक दस्तावेज, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

### गांव में अवैध शराब का धंधा, अधेड़ गिरफ्तार

**भिलाई।** जामगांव आर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम बरवाई भाटापारा में एक 75 वर्षीय व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर के बाड़ी में शराब का संग्रहण कर बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपी बिसहत जांगड़े निवासी ग्राम बरवाई भाटापारा को पकड़ लिया।

**पर्व : पर्व पूर्ण विधि-विधान और भक्तिमय वातावरण में संपन्न**

# थाना परिसर में मनाई गई हनुमान जयंती

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा**

थाना अंडा परिसर में हनुमान जयंती का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और भगवान हनुमानजी की आरती उतारी गई। पुजारी महेंद्र पाण्डेय साथ ही साथ थाना प्रभारी पारसराम ठाकुर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। हनुमान जयंती के मौके पर परिसर में भक्ति का माहौल देखने को मिला। पुलिसकर्मियों ने भगवान हनुमान से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि की कामना की।

इस दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस परिवार ने एकजुटता और सेवा भावना का संदेश दिया। थाना प्रभारी पारसराम ठाकुर ने सभी को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसी साथ साथ ग्रामीण अंचलों में भी दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र अंडा चिंगरी विनायकपुर, आमटी, आलबरस, जंजगिरी, अछोटी, कुथरेल, कोनारी, चंदखुरी, खाड़ा रूदा, भोथली, तिरगा, झोला, गनियारी रसमडा, अंजोरा बुराई, डौकीडीह, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डगनिया, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, भिलाई, चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन में धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई।





### धमना में हनुमान जन्मोत्सव मना





**जामगांव आर।** ग्राम धमना में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसके मुख्य आयोजक अरुण सोनी, लक्ष्मी प्रसाद सोनी, सोनी परिवार और ग्रामवासियों का सहयोग रहा है। हनुमान लला की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर भुवन लाल साहू, सत्यम सोनी, शीतल सोनी, ढाल सिंह साहू, शिवराज यादव उपस्थित थे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर रामायण का आयोजन

**गुरूर।** हनुमान जन्मोत्सव पर आबादी पारा कंवर में रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विधायक प्रतिनिधि गुरुर टोमन साहू, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद तामेश्वर साहू, पंच प्रेमलता साहू, रेणुका सिन्हा, सरोज, गोदावरी बाई, महेन्द्र कोटेंगले, कोषाध्यक्ष ग्राम विकास समिति रामा निर्मलकर, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि रेखलाल पटेल, पूर्व पंच तुलसी निषाद, उदयशंकर, मोहनिष सिन्हा, संतोष साहू एवं समस्त ग्रामीण जन उपस्थित थे।



### बरगद की छांव में विराजे संकटमोचन, वानर स्वरूप हनुमानजी की महिमा अपार

**बालोद/निकुम।** अंचल के बाबा मोहंदीपाठ मंदिर से महज दो किलोमीटर दूर ग्राम बघेली भाटा चौक तिराहे चौक पर बरगद के पेड़ के नीचे छांव में विराजे वानर स्वरूप में विराजित भगवान हनुमान की महिमा अपार है, जिन्हें संकटमोचन और बलवान के रूप में पूजा जाता है। यह स्थान दिव्य ऊर्जा, ध्यान और असीम आस्था का प्रतीक माना जाता है, जहां भक्त अपनी पीड़ा और कष्ट दूर करने की मन्नत लेकर आते हैं। बरगद की शांत छाया में हनुमानजी की पूजा मानसिक शांति और सुरक्षा प्रदान करती है। ग्राम बघेली निवासी मुकेश यादव व सोमेश ठाकुर ने बताया कि इस हनुमान मंदिर में मंगलवार को भक्त आते हैं। विदित हो कि इस मंदिर में वानर अधिकतर तौर पर दिखते हैं। भरत यादव ने बताया सबकी मनोकामना पूरी होती है।

## मुख्यमंत्री साय को कर्मा जयंती में शामिल होने न्योता...



**अंडा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से पूर्व मंत्री रमशिला साहू ने सौजन्य भेंट मुलाकात कर बालोद जिला साहू समाज के जिला स्तरीय साहू समाज कर्मा जयंती में शामिल होने आमंत्रित किया। इस मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने साहू समाज के सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया, लेकिन अभी समय तय नहीं किए हैं। साथ ही पूर्व कैबिनेट मंत्री से राजनीतिक विषयों पर भी चर्चा हुई। रमशिला साहू के साथ बालोद जिला साहू समाज अध्यक्ष महेन्द्र साहू व तहसील, परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पसौद में 8 अप्रैल से सजेगा रात्रिकालीन क्रिकेट का रोमांच

**लाटाबोड़।** खेल प्रतिभाओं को मंच देने और ग्रामीणों के बीच आपसी सामंजस्य बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम पसौद में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से 8 से 12 अप्रैल तक रखा गया है। समिति के अध्यक्ष प्रीतम साहू ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली टीमों के लिए नकद पुरस्कार रखे गए हैं, जिसमें प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए, द्वितीय 7 हजार, तृतीय पुरस्कार 5 रुपए हैं। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रवेश शुल्क 600 रुपये निर्धारित किया गया है। यह टूर्नामेंट प्लास्टिक बॉल से खेला जाएगा, जिसमें क्षेत्र की नामी टीमें अपना कौशल दिखाएंगी। आयोजन समिति ने खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों से बड़ी संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## प्लाटून कमांडर का प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव लौटे हरेश का ग्रामीणों ने किया स्वागत





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर**

ब्लॉक के वनांचल के ग्राम दुग्गाबाहरा निवासी हरेश कुरैटी का छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर प्लाटून कमांडर के पद में चयन हुआ। हरेश कुरैटी मूलतः विकासखण्ड के ही अलोरी डुबान क्षेत्र भैंसमुड़ी के रहने वाले हैं। ग्राम में शिक्षा व्यवस्था व घर में माहौल नहीं होने के कारण उनके मामा अधारी ऊईके ग्राम दुग्गाबाहरा में बचपन से अपने साथ रख कर पालन पोषण किया, परिवार के मार्गदर्शन व प्रोत्साहन से अपने परिवार में नौकरी में लगने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। हरेश कुरैटी के पिता रोजी मजदूरी कर अपना जीवकोपार्जन करते हैं, उनके लगन को देखते हुए उनके मामा अधारी राम उईके ने बचपन से अपने पास रख पालन पोषण कर उनको अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते रहे और उसी का परिणाम है कि वे प्लाटून कमांडर के पद पर नियुक्त हुए।

रायपुर पुलिस एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर दिशांत समारोह के पश्चात गृह ग्राम दुग्गाबाहरा में ग्रामीणों व परिवार वालों ने गर्म जोशी के साथ स्वागत सम्मान किया।

## आरएसएस की जनगोष्ठी आज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष का 4 अप्रैल को पांचवा कार्यक्रम प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन होगा। इसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख सुनील भाई कुलकर्णी रहेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत 100 वर्षों से राष्ट्र साधना एवं सेवा में कार्यरत है।

जन गोष्ठी मे संघकार्य, हिदुत्व, वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थितियों में अपनी भूमिका, पंच परिवर्तन आदि विषयों पर विषय प्रस्तुति होगी व संवाद, जिज्ञासा समाधान किया जाएगा। वक्ताओं द्वारा वैचारिक तथा दायित्व जागरण हेतु विचार रखे जाएंगे। जन गोष्ठी महादेव भवन बालोद में दोपहर 3 बजे आयोजित है। जन गोष्ठी में मजदूर संघ, हेडमास्टर संघ, पटेल संघ, कोटवार संघ, पटवारी संघ, अधिकारी शिक्षक संघ, चिकित्सा संघ, पूर्व सैनिक संघ, अधिवक्ता, खेल जगत, यूटूबर्स संघ, राजमिस्त्री संघ, हस्त शिल्पी संघ, बुनकर संघ, पत्रकार संघ, जिला रामायण संघ, स्वसहायता संघ, मितानिन संगठन, व्याख्याता, राजपत्रित अधिकरी, ग्राम पंचायत संचिवों का संगठन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वन प्रबंधन समिति, प्राइवेट स्कूल चलाने वाले का संगठन, प्रधानपाठक संगठन, तृतीय लिग संगठन, सफाई कर्मचारी संगठन, रसोईयों का संगठन, सेलून चलाने वाले संगठन, सराफा व्यापारी संगठन, किसान संगठन, एसटी, ओबीसी, एससी संगठन, स्वंय सेवी एलजीओ संगठन, महिला नेतृत्व धाणमक श्रेणी, टेड यूनियन, राजनीतिक नेतृत्व, मीडिया प्रमुख, उद्योगपति, शैक्षिणक संस्था प्रमुख, अस्पताल संचालक, इंजिनियर, सोशल मीडिया प्रमुख, प्रबुद्ध नागरिक, आर्ट ऑफ लिवग गायत्री परिवार, किसान संगठन, लेखक, कवि, कोचिंग संचालक, प्राइवेट नथसग स्टाफ, डॉक्टर, मठ, मंदिर प्रमुख, ट्रक मालिक, आटो पाट्र्स, ग्राम पुजारी, सिराहा मांझी, चालक, ठेकेदार, किराना, आटो यूनियन, दुर्गा, गणेश आयोजन, वैज्ञानिक, वेल्डिंग वर्कशांप, संगठित, असंगठित श्रेणी, संघ के वैचारिक संगठन उपस्थित रहेंगे।

**महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा**

## गुड पेरेंटिंग वर्कशॉप में 1650 आंबा कार्यकर्ताओं और अधिकारियों ने सीखे बच्चों से व्यवहार के गुर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा**

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग में 0 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए गुड पेरेंटिंग विषय पर संवाद वर्कशॉप का विकासखंड वार आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए किया गया। सुचित्रा श्रीवास्तव ने बताया कि आज शिक्षा का सिलेबस सम्बन्ध और व्यवहार की शिक्षा नहीं दे पा रहा है, हमारी अपेक्षा बनी रहती है कि बच्चे का व्यवहार अच्छा हो जैसे जैसे धन और सुविधाए बढ़ी है वैसे वैसे सम्बन्ध, व्यवहार और नैतिकता कम होते जा रहे हैं।

महावीर अग्रवाल द्वारा बताया गया कि बच्चों में सीखने और समझने की शुरुआत जन्म के साथ ही आरम्भ हो जाता है। बच्चों में आगामी 10 वर्ष तक अनुसरण, अनुकरण, आज्ञापालन, अनुशासन और स्वनुशासन के माध्यम से सबसे अधिक सीखना होता है बच्चा जब पैदा होता है तो अपने आस पास के वातावरण परिवार के लोगों को देखकर उनके हाव भाव के अनुसार जैसा बड़े करते है वैसा ही नकल बच्चा भीं करता है बड़ों का कॉपी करता है यह क्रिया अनुसरण कहलाती है। जब बच्चा थोड़ा बड़ा होता है और अब अपना भीं दिमाग लगाकर किसी भीं कार्य को करता है तो उस क्रिया को अनुकरण कहते हैं। 5 गुणों के आधार पर बच्चों के साथ परिवार, विद्यालय में अभ्यास हो तो हम अपने बच्चे और अन्य बच्चों को समझदार और अच्छा मानव बना सकते हैं।





पूनम जी और बसंतजी ने बताया कि सत्य को जांचने का तरीका या क्या सही है? क्या गलत है? इसे हम निरीक्षण, परीक्षण और सर्वेक्षण द्वारा जांचा सकते हैं धरती पर सभी मानव विश्वास पूर्वक जीना चाहता है। सम्मान पूर्वक जीना चाहता है। व्यवस्था के साथ ही जीना चाहता है। आज जितने भी अपराध या गलती हो रहे हैं इनका बड़ा कारण शिक्षा की कमी है। जहां-जहां हम समझते हैं, सुखी होते हैं और जहां नहीं समझे हैं वहां दुखी होते हैं। प्रकृति मे व्यवस्था है यह समझने की आवश्यकता है यदि प्रकृति को समझते हैं तो पता चलता है कि पदार्थ अवस्था, प्राण अवस्था और जीव अवस्था का आचरण निश्चित है मनुष्य को अपना आचरण निश्चित करना बाकी है। इस प्रकार पाटन, दुर्ग शहर, धमधा, भिलाई और अहिवारा में कुल 5 अलग अलग स्थानों में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस पूरे वर्कशॉप में लगभग 1650 लोग लाभान्वित हुए। वर्कशॉप का सफल आयोजन संकेत ठाकुर का मार्गदर्शन और सहयोग अविस्मरणीय रहा, जिसके लिए भैया के प्रति बहुत बहुत कृतज्ञता साथ ही पूरे वर्कशॉप के दौरान मीनाजी, सपन जी, धीरेन्द्र, सपना जी, गायत्री जी सभी परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षकों का बहुत उल्लेखनीय योगदान रहा।

### हथियार लहराकर डरानेवाला गिरफ्तार

**भिलाई।** छावनी थाना पुलिस ने धारदार हथियार लहराकर लोगों में भय फैलाने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने युवक से धारदार हथियार जब्त किया है। पुलिस के अनुसार रायपुर रोड स्थित सी-मार्ट के पास एक व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार लहराकर आम लोगों को डराने-धमकाने की सूचना प्राप्त हुई थी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी उच्च स्तर पर शिकायत की चेतावनी**

## सरकारी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर गरमाई सियासत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर**

सरकारी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से सत्ताधारी दल में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मामले में भाजपा जिला अध्यक्ष ने भी कड़ा रूख अपनाया है। इससे अब कार्यक्रमों में प्रशासन द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा का मामला प्रदेश हाईकमान तक जा सकता है।

ताजा मामला ग्राम अरमरीकला में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का है। आरोप है कि यहां उस क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू को बोलने का अवसर ही नहीं दिया गया। जबकि इसके लिए अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी अशोक साहू ने आरोप लगाया कि शिविर में उनकी जानबूझकर उपेक्षा की गई। लंबे समय तक कार्यक्रम में उपस्थित रहने के बाद भी उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया गया। लक्ष्मी अशोक साहू ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कई बार अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया, लेकिन उनकी उपेक्षा की जाती रही। मामले में जब लक्ष्मी साहू नाराज होकर कार्यक्रम के बीच चली गई तब प्रशासन ने उन्हे बुलाने का प्रयास जरूर किया। जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू ने कहा जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी अशोक साहू को जब मंच पर बोलने का अवसर नहीं दिया जा रहा था, तब मैने स्वयं कई बार इस ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया, लेकिन प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। सुनीता साहू ने कहा ऐसा पूर्व में भी कई बार हो चुका है, जब कार्यक्रमों में अधिकारी मनमानी करते हैं एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को यथाचित सम्मन नहीं देते। सुनीता साहू ने कहा इस प्रकार की उपेक्षा स्वीकार्य नहीं है। अब हमें कड़ा रुख अपनाना पड़ सकता है। जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने भी मामले में अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा पूर्व में भी प्रशासन ने कई बार जनप्रतिनिधियों के सम्मान का ध्यान नहीं रखा है, जो अस्वीकार्य है। इसे अब बर्दास्त नहीं किया जाएगा।




प्रशासन ने यदि अपना रवैया नहीं बदला तो जनप्रतिनिधि ऐसे कार्यक्रमों में सहयोग नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि अब सुधार नहीं हुआ तो मामले की शिकायत उच्च स्तर पर की जाएगी। शिविर के नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी गुरूर आरके सोनकर ने कहा यह कहना पूरी तरह गलत है, हमने दो तीन बार उन्हे मंच से बोलने के लिए बुलाया पर वे नहीं आई।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मानाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411